AG-1057

B.A. (Part - II)

Term End Examination, 2018-19

Paper - I

Hindi Literature

Time : Three Hours] *[Maximum Marks : 75*

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं।

इकाई - I

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में
शिक्षा बिना ही पड़ रहे हैं आज हम सब क्लेश में
शिक्षा बिना कोई कभी बनता नहीं सत्पात्र है
शिक्षा बिना कल्याण की आशा-दुराशा मात्र है।

https://www.abvvonline.com

(ख) काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर,
बहा जननि ज्योतिर्मय निर्झर,
कलुष-भेद-तम हर, प्रकाश भर
जगमग जग कर दे।

(ग) दैन्य जड़ित अपलक नव चितवन,
अधरों में चिर नीरव रोदन,
युग-युग के तम से विषण्ण मन,
वह अपने घर में
प्रवासिनी।

(घ) उठो कारा बनाओ इस गरीबी की
रहो मत दूर अपनों के निकट आओ,
बड़े गहरे लगे हैं घाव सदियों के
मसीहा इनको ममता भर के सहलाओ।

(ङ) दिया मन को दिलासा - पुनः आऊँगा
भले ही बरस-दिन अनगिन युगों के बाद !
क्षितिज ने पलक-सी खोली
नमक कर दामिनी बोली:
अरे यायावर, रहेगा याद!

इकाई - II

2. मैथिलीशरण गुप्त राष्ट्रीय चेतना के कवि हैं, स्पष्ट कीजिए। 12

अथवा

सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' क्रान्तिवादी कवि हैं, स्पष्ट कीजिए।

अथवा

https://www.abvvonline.com

'माखनलाल चतुर्वेदी की कविताएँ राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत हैं।' इस कथन पर प्रकाश डालिए।

इकाई - III

3. 'अज्ञेय' की काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 12

अथवा

'पंत प्रकृति के सुकुमार कोमल कवि हैं।' विवेचना कीजिए।

इकाई - IV

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 5×3

(क) छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियाँ

(ख) हरिऔध जी की काव्य भाषा

(ग) सुभद्रा जी के काव्य में राष्ट्रीय भावना

(घ) श्रीकान्त वर्मा के काव्य में बिम्ब-विधान

(ङ) प्रयोगवाद की विशेषताएँ

इकाई - V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×15

(क) 'अज्ञेय' का पूरा नाम लिखिए।

(ख) तारसप्तक के संपादक कौन थे ?

(ग) माखनलाल चतुर्वेदी को किस उपनाम से जाना जाता है ?

https://www.abvvonline.com

(घ) 'मुक्त छन्द' का जन्मदाता किसे कहा जाता है ?

(ङ) छायावाद के चार आधार स्तम्भ कौन-कौन से माने जाते हैं ?

(च) प्रकृति के चितेरे कवि किसे कहा जाता है ?

(छ) 'महाप्राण' किस कवि का उपनाम है ?

(ज) 'मतवाला' का संपादन किस कवि ने किया था ?

(झ) 'यशोधरा' किसकी रचना है ?

(ञ) महाकाव्य 'प्रिय प्रबास' का प्रकाशन किस वर्ष हुआ ?

(ट) 'प्रयोगवाद' का जनक किसे कहा जाता है ?

(ठ) मैथिलीशरण गुप्त किस काव्यधारा के कवि हैं ? https://www.abvvonline.com

(ड) 'लोकायतन' के रचनाकार कौन हैं ?

(ढ) सुभद्रा कुमारी चौहान को किस रचना पर पुरस्कार मिला ?

(ण) श्रीकांत वर्मा का जन्म कहाँ हुआ था ?

(त) निराला ने पत्थर तोड़ती हुई युवती को कहाँ देखा था ?

(थ) 'पुष्प की अभिलाषा' किसकी कविता है ?

(द) वसन्त पंचमी के दिन किस साहित्यकार का जन्मदिन मनाया जाता है ?

(ध) शोषक और शोषित किस वाद का विषय है ?

(न) मार्क्सवादी विचारधारा से प्रभावित काव्यधारा का नाम लिखिए।

https://www.abvvonline.com